खबर संक्षेप

नगरीय चार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

सतना। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के तहत फरवरी 2027में प्रस्तावित जनसंख्या गणना की पूर्व तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। जनगणना निदेशालय भोपाल से आए अधिकारियों ने जनगणना प्रक्रिया,स्व-गणना पोर्टल,मीडिया प्रचार और लॉजिस्टिक्स प्रबंधन की जानकारी दी।साथ ही पीई मोबाइल ऐप का लाइव डेमो प्रस्तुत कर व्यावहारिक अभ्यास कराया गया।

राज्यमंत्री बागरी ने विद्यार्थियों को बांटी अध्ययन सामग्री

सतना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने रैगांव विधानसभा क्षेत्र के शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री और पुस्तकें वितरित कीं। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। राज्यमंत्री ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शिक्षा, सपनों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के प्रति समर्पित रहने और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और प्रत्येक बच्चे को आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त अवसर मिलने चाहिए। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि,छात्र-छात्राएं और विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

सतना में मतदाता सूची विशेष अभियानः एक माह में युवा मतदाताओं के मिले 3620 आवेदन

सतना। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सतना जिले में मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए एक माह का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.सतीश कुमार एस के निर्देश पर बीएलओ को फार्म-6 के साथ अलग से घोषणा पत्र न मांगने के निर्देश दिए गए हैं। 7 से 9अक्टूबर तक आयोजित विशेष शिविरों में कुल 7602 फार्म-6 प्राप्त हुए,जिनमें 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 3620 युवा आवेदन शामिल हैं। जो नागरिक 1जनवरी 2027 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं,वे मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। पात्र नागरिक मतदान केंद्र, बीएलओ के अलावा ऑनलाइन पोर्टल Voters.eci.gov.in या वोटर हेल्पलाइन ऐप के जरिए भी आवेदन कर सकते हैं। प्रशासन द्वारा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लगातार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

मैहर नवरात्रि मेलाः चौथे दिन उमड़ी भारी भीड़,शाम 7बजे तक 86हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए माता के दर्शन



मैहर। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर माँ शारदा के दरबार में भक्तों का तांता लगा हुआ है। नवरात्रि मेला के चौथे दिन माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। 14 अक्टूबर प्रातः से लेकर शाम 7 बजे तक रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालुओं ने त्रिकूट पर्वत पर पहुँचकर माता के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। जानकारी के मुताबिक पैदल मार्ग द्वारा 81,942श्रद्धालु,रोपवे मार्ग द्वारा 3,800 श्रद्धालु,वैन मार्ग द्वारा 930 श्रद्धालु कुल दर्शनार्थियों की संख्या शाम 7 बजे तक कुल 86,672 श्रद्धालुओं ने माँ शारदा के दर्शन कर लिए थे,जबकि दिनभर में कुल मिलाकर 90 हजार से अधिक लोगों के दर्शन करने का अनुमान है। प्रशासन और मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और दर्शन व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं,ताकि सभी भक्तगण सुगमता से माता के दर्शन कर सकें।

विद्यार्थियों ने नमक, तेल और चीनी का सेवन कम करने का लिया संकल्प



मैहर। खाद्य सुरक्षा विभाग के द्वारा विवेकानंद कॉलेज मैहर में खाद्य सुरक्षा एवं स्वस्थ खान-पान विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक बिहारी गौर के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा दल ने विद्यार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम में मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के केमिस्ट हिमांशु मिश्रा ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.राजेश सिह एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष संतोष पांडेय उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को समझाया गया कि खाद्य पदार्थों की खरीदारी केवल आकर्षक रंग,चित्र,बाहरी स्वरूप अथवा किसी लोकप्रिय उत्पाद से मिलती-जुलती पैकिग देखकर नहीं करनी चाहिए। पैकेट पर लिखा ब्रांड नाम और खाद्य पदार्थ का वास्तविक नाम अलग हो सकते हैं। इसलिए खरीदारी से पहले यह समझना आवश्यक है कि उत्पाद वास्तव में क्या है और उसमें कौन-कौन सी सामग्री शामिल है। कार्यक्रम में लेबल पर उत्पाद का नाम, एफएसएसएआई लोगो एवं लाइसेंस/पंजीयन नंबर,सामग्री सूची,निर्माण अथवा पैकिग की तारीख, एक्सपायरी/यूज बाय,बैच/लॉट नंबर,शुद्ध मात्रा,निर्माता या पैकर का नाम-पता,शाकाहारी-मांसाहारी चिह्न,भंडारण की शर्तें और उपयोग संबंधी निर्देश पढ़ने की जानकारी दी गई। साथ ही एलर्जी उत्पन्न करने वाले घटकों,पोषण विवरण तथा उत्पाद पर लागू चेतावनियों और विशेष घोषणाओं पर ध्यान देने का महत्व बताया गया।

'जल-जंगल-जमीन' पर अधिकार के लिए सतना में हुंकारः मझगवां में आज गूंजेगा 'जमीन दिलाओ आंदोलन'



सतना। जिले के मझगवां ब्लॉक में आदिवासी अधिकारों और उनकी जमीन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए जय आदिवासी युवा शक्ति,रीवा संभाग के नेतृत्व में एक विशाल 'जमीन दिलाओ आंदोलन' का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय एसडीएम कार्यालय के समक्ष होने वाले इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य आदिवासी परिवारों को उनके संवैधानिक और कानूनी हक दिलाना है। पात्र आदिवासी परिवारों के लंबे समय से लंबित वनाधिकार पट्टों का शीघ्रनिपटारा करना और निरस्त किए गए वनाधिकार दावों की नियमानुसार दोबारा जांच कराना।सरकारी और राजस्व भूमि पर बरसों से निवास कर रहे पात्र परिवारों को नियमानुसार आवासीय पट्टे देना,तथा भूमिहीन एवं सीमांत किसानों के लिए कृषि भूमि की व्यवस्था करना।

जर्जर कचरा वाहनों को लेकर प्रदर्शन



सतना। कंडम हो चुके कचरा वाहनों के साथ चालकों ने निकाली अनोखी रैली और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। शहर में कचरा ढोने वाले वाहन चालकों ने अपने जर्जर (कंडम) वाहनों को बदलने की मांग को लेकर एक विरोध रैली निकाली। यह रैली बीटीआई मैदान से शुरू होकर कलेक्ट्रेट तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में वाहन चालक शामिल रहे। रैली के समापन पर चालकों ने प्रशासनिक अधिकारियों को अपना मांग पत्र सौंपा,जिसमें इन पुराने वाहनों को जल्द से जल्द नए वाहनों से रिप्लेस करने की मांग की गई है।

नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित



सतना। नगर निगम कार्यालय के नमो सभागार में मेयर-इन-काउंसिल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने की। इस दौरान निगमायुक्त डॉ.नागार्जुन बी.गौड़ा,डिप्टी कमिश्नर अनुराग तिवारी, सत्यम मिश्रा सहित नियर इन काउंसिल के श सभी सदस्य और निगम अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से शहर के विकास कार्यों,नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं के विस्तार और जनहित से जुड़े विभिन्न अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।



रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

मैहर। नवरात्रि पर्व के अवसर पर मैहर जिला कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी के नवाचार पर मंदिर प्रांगण में नौ दिनों तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज बुधवार को देवी जी मार्ग स्थित बंधा बैरियर परिसर में रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से समाज को सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जयंती तिवारी,श्रीमती राजकुमारी सिंह,नायब तहसीलदार शिव भूषण सिंह,सीडीपीओ अखिलेश दीपांकर एवं श्रीमती माया द्विवेदी सहित काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

59 रक्तदाताओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान,17,700 मिलीलीटर रक्त एकत्रित

स्वच्छता ही सेवा-2026 के तहत प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड में रक्तदान शिविर का आयोजन



सतना। भारतीय खान ब्यूरो के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान के अंतर्गत प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड,सतना की खान विभाग द्वारा बुधवार,14 अक्टूबर 2026 को प्रिज्म स्टाफ क्लब में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस दौरान कुल 59 लोगों ने रक्तदान कर 17,700 मिलीलीटर रक्त संग्रह में योगदान दिया। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम-सीएसआर एंड पब्लिक रिलेशन देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में सहयोग देना था। शिविर में शासकीय जिला चिकित्सालय,सतना की चिकित्सा टीम ने रक्त संग्रह की प्रक्रिया संपन्न कराई। आयोजन के माध्यम से समाज सेवा, मानवीय संवेदना और सामुदायिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड सीमेंट डिवीजन के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एंड सीईओ राकेश जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मनीष सिंह-प्रेसीडेंट एण्ड हेड प्लांट,विनोद श्रीवास्तव-सीनियर वाइस प्रेसीडेंट माइन्स एंड एमआरएम,मनोज कुमार कश्यप-वाइस प्रेसीडेंट प्रोजेक्ट,चंद्रशेखर पंडित-हेड माइंस,डॉ डी डी मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एंड सीईओ राकेश जैन ने कहा कि आपका एक रक्तदान तीन लोगों की जान बचा सकता है। मैं सभी रक्तदाताओं,चिकित्सा दल एवं आयोजन में सहयोग देने वाले सदस्यों को इस पुनीत कार्य के लिए हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद देता हूँ। मुझे विश्वास है कि हम भविष्य में भी स्वच्छता,स्वास्थ्य,पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक कल्याण से जुड़ी ऐसी सार्थक पहलों के माध्यम से समाज के विकास में अपना योगदान देते रहेंगे। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा आयोजित यह पहल स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान की भावना के अनुरूप सामाजिक उत्तरदायित्व और जनकल्याण को बढ़ावा देने की दिशा में एक सार्थक प्रयास रहा।

मैहर नवरात्रि मेले में मिलावट रोकने खाद्य सुरक्षा अभियान



मोबाइल लैब से हो रही जांच

मैहर। कलेक्टर श्रीमती विदिशा मुखर्जी के निर्देशानुसार मैहर नवरात्रि मेले में एक सघन 'जागरूकता-सह-निरीक्षण' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मेले में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और शुद्ध खाद्य सामग्री सुनिश्चित करना है। इस पहल के तहत,मेला परिसर में 'चलित खाद्य सुरक्षा परीक्षण प्रयोगशाला' (मोबाइल फूड सेफ्टी टेस्टिंग लैब) तैनात की गई है। यह विशेष मोबाइल यूनिट मेले में संचालित विभिन्न फूड स्टॉल,मिठाई की दुकानों और भोजनालयों का मौके पर ही निरीक्षण कर रही है और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच कर रही है। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा दल ने सभी खाद्य व्यापरियों को साफ-सफाई और गुणवत्ता मानकों को लेकर सख्त हिदायत दी। सभी दुकानदारों और वेंडरों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्थिति में बासी भोजन का उपयोग न करें और न ही ग्राहकों को परोसें। इसके अलावा,खाद्य पदार्थों और मिठाइयों में अखाद्य या अमानक रंगों के इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

चित्रकूट के राघव प्रयाग घाट पर अंतरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव का भव्य शुभारंभ



सतना। संस्कृति विभाग और श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास के तत्वावधान में चित्रकूट के राघव प्रयाग घाट पर सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। सांसद गणेश सिंह,विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार और अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर उत्सव की शुरुआत की। 19 अक्टूबर तक चलने वाले इस आयोजन में देश-विदेश के दल रामकथा का मंचन कर रहे हैं। पहले दिन थाईलैंड के 'श्री रामाकेन दल' ने यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत में शामिल 'खोन' नृत्य शैली के माध्यम से श्रीराम जन्म और बाल लीला की मनमोहक प्रस्तुति दी। थाईलैंड की पारंपरिक नृत्य-नाटिका और रामायण प्रसंगों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस उत्सव में रूस,आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के कलाकार भी रामायण के विभिन्न प्रमुख प्रसंगों को अपनी पारंपरिक शैलियों में जीवंत करेंगे।



निर्वाचन निष्पक्ष संपन्न, अफवाहों पर ध्यान न दें समाजजन: राधिका प्रसाद



सतना। श्री कसौधन वैश्य समाज,सतना के सत्र 2026-2029 के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्ष राधिका प्रसाद गुप्ता ने समाज बंधुओं से अपुष्ट चर्चाओं और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। उन्होंने बताया कि 4 अक्टूबर को उत्सव पैलेस में निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष व लोकतांत्रिक तरीके से पूरी हुई। मतगणना के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजपाल शर्मा एवं टीम द्वारा परिणाम घोषित किए गए। पराजित प्रत्याशियों द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर उन्होंने कहा कि समाज एक परिवार है। सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध हैं,जिनसे सत्यता की पुष्टि की जा सकती है। उन्होंने सभी से सामाजिक एकता,भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने का आग्रह किया।

चित्रकूट दीपावली मेला 2026: तैयारियों को लेकर 15 अक्टूबर को होगी महत्वपूर्ण बैठक

सतना। आगामी चित्रकूट दीपावली मेला वर्ष 2026 की तैयारियों और कानून-व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से 15अक्टूबर 2026 को दोपहर 12 बजे से ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट के सभाकक्ष में एक आवश्यक बैठक बुलाई गई है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ.सतीश कुमार एस ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को इस बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। इस बैठक में मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा,यातायात प्रबंधन,पेयजल,स्वच्छता और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी,ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। प्रशासन मेले को सफल और व्यवस्थित बनाने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है।

खबर संक्षेप



श्री 5 पद्मावती पुरी धाम में अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में


पन्ना। श्री 5 पद्मावती पुरी धाम पन्ना में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट द्वारा महोत्सव में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए धर्मशालाओं की साफ-सफाई, रंग-रोगन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। वहीं, खुले मैदानों में विशाल पंडाल लगाने के साथ भोजन व्यवस्था और सुंदरसाथ के लिए आवश्यक सुविधाओं को व्यवस्थित किया जा रहा है। श्री प्राणनाथ मंदिर परिसर स्थित ब्रह्म चबूतरे पर भी विशेष पंडाल, प्रकाश एवं ध्वनि व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं के बैठने के लिए उचित प्रबंध किए जा रहे हैं। मंदिर परिसर सहित अन्य आयोजन स्थलों पर व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाने के लिए ट्रस्ट द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आगामी 20 अक्टूबर, दशहरा के दिन से महोत्सव का शुभारंभ होगा। इसके साथ ही देश के विभिन्न राज्यों और विदेशों से श्रद्धालुओं के पन्ना पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव को लेकर श्री 5 पद्मावती पुरी धाम में उत्साह का माहौल है और श्रद्धालुओं के स्वागत एवं सुविधाओं के लिए तैयारियां निरंतर जारी हैं।

सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर सौंपा गया ज्ञापन



गुनौर। भारतीय सफाई मजदूर संघ मध्य प्रदेश (पन्ना जिला इकाई) के बैनर तले नगर परिषद गुनौर के सफाई कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि समय पर उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो कर्मचारियों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।'प्रमुख मांगें - निकाय में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी एवं पंचायतकालीन कर्मचारियों का विनियमितीकरण किए जाने के संबंध में पी.आई.सी. का प्रस्ताव तैयार कर संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, सागर की ओर भेजा जाए। कर्मचारियों का पिछले 11 माह का एरियर्स लंबे समय से लंबित है, जिसका इस महंगाई के दौर में वेतन और एरियर्स का एकमुश्त भुगतान जल्द से जल्द किया जाए। सफाई कामगारों को इमरजेंसी अवकाश के लिए स्वास्थ्य सेवा यूनिट में एक अलग सेल बनाया जाए। छोटी-मोटी वजहों से बाहर किए गए सफाई कर्मचारियों को माफी देकर वापस बहाल किया जाए। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि अध्यक्ष (नगर परिषद गुनौर), कलेक्टर (जिला पन्ना) और अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व, गुनौर) को भी सूचनार्थ प्रेषित की गई है। इस दौरान संघ के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

कलेक्टर, हर्ष सिंह संभालेंगे जिले की कमान



पन्ना। मध्यप्रदेश शासन द्वारा किए गए प्रशासनिक फेरबदल के तहत पन्ना जिले में कलेक्टर का दायित्व अब हर्ष सिंह संभालेंगे। वहीं, वर्तमान कलेक्टर उषा परमार का तबादला कर दिया गया है। इस बदलाव के बाद जिले के प्रशासनिक कामकाज और विकास योजनाओं को लेकर लोगों की निगाहें नए कलेक्टर की कार्यशैली पर टिकी हैं।

विकास कार्यों और जनसमस्याओं पर रहेंगी निगाहें

पन्ना। जिला भौगोलिक परिस्थितियों, ग्रामीण क्षेत्रों की जरूरतों और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी अनेक चुनौतियों का सामना करता है। ऐसे में नए कलेक्टर के सामने ग्रामीण सड़कों की स्थिति, बिजली व्यवस्था, किसानों की समस्याओं, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण विषय रहेंगे। जिले के ग्रामीण अंचलों में आम नागरिकों को राजस्व संबंधी मामलों, लंबित आवेदनों और जनसुनवाई के माध्यम से मिलने वाली राहत से काफी उम्मीदें रहती हैं। ऐसे में प्रशासन की प्राथमिकता आम जनता की शिकायतों का समय पर निराकरण और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना होना चाहिए।

मां कलेही को माना जाता है मां काली का स्वरूप, दूर-दूर से दर्शन करने पहुंचते हैं श्रद्धालु

सैकड़ों वर्ष पुरानी लोक मान्यता से जुड़ा है मंदिर का इतिहास, नवरात्रि में उमड़ता है भक्तों का सैलाब

पवई। बुंदेलखंड के पन्ना जिले की पवई नगरी में पतने नदी के किनारे पवईदूमोहंद्रा मार्ग पर स्थित मां कलेही मंदिर श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का प्रमुख केंद्र है। मां कलेही को मां काली का स्वरूप माना जाता है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं, जबकि चौत्र और शारदेय नवरात्रि के दौरान देश के विभिन्न क्षेत्रों से भक्त माता के दर्शन करने आते हैं। नवरात्रि के नौ दिनों में मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहता है।

हनुमान भाटा की पहाड़ी से नदी किनारे तक पहुंचीं मां कलेही

स्थानीय मान्यता के अनुसार, सैकड़ों वर्ष पूर्व मां कलेही दुर्गम हनुमान भाटा पहाड़ी पर विराजमान थीं। पवई निवासी नगायच परिवार की महिला श्रद्धालु श्रीमती देवी नगायच प्रतिदिन पहाड़ी पर जाकर माता की पूजा-अर्चना किया करती थीं। वृद्धावस्था के कारण जब उनके लिए पहाड़ी पर चढ़ना कठिन हो गया, तब उन्होंने माता से अपने साथ नीचे चलने की प्रार्थना की। लोककथा के अनुसार, माता ने उनकी प्रार्थना स्वीकार करते हुए कहा कि वे आगे-आगे चलें और माता उनके पीछे आएंगी। साथ ही माता ने शर्त रखी कि पीछे मुड़कर देखने पर वे उसी स्थान पर विराजमान हो जाएंगी। महिला जब पहाड़ी से उतरकर पतने नदी के किनारे पहुंचीं, तो उन्होंने पीछे मुड़कर देख लिया। मान्यता है कि उसी स्थान पर माता विराजमान हो गईं और आज भी वहीं श्रद्धालुओं को दर्शन देती हैं।



भागीरथ नगायच ने कराया मंदिर का निर्माण

स्थानीय मान्यता के अनुसार, कुछ वर्षों बाद भागीरथ नगायच द्वारा यहां मंदिर का निर्माण कराया गया। समय के साथ मां कलेही मंदिर की ख्याति दूर-दूर तक फैलती गई और यह स्थान श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया। भक्त माता के दरबार में पहुंचकर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना करते हैं।

जनसहयोग से मंदिर परिसर का विकास

मंदिर की बढ़ती प्रसिद्धि के साथ परिसर के सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों को भी गति मिली। कलेही धर्मार्थ समिति द्वारा जनसहयोग से श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए विभिन्न कार्य कराए गए हैं। परिसर में दुकानों का निर्माण और पौधरोपण जैसे कार्यों से मंदिर क्षेत्र को विकसित करने के प्रयास किए गए हैं। मंदिर के पीछे स्थापित लगभग 27 फीट ऊंची भगवान शिव की प्रतिमा, जिसे बाबा कैलाशी के नाम से जाना जाता है, परिसर की धार्मिक शोभा बढ़ाती है। यह प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र है।

नवरात्रि में आकर्षक सजावट, भक्तिमय माहौल

शारदेय नवरात्रि के अवसर पर मां कलेही मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मंदिर की साज-सज्जा और माता के मनमोहक स्वरूप के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना का विशेष महत्व है। ऐसे में मां कलेही के दरबार में पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए भक्तों में विशेष उत्साह दिखाई देता है।

सड़क मार्ग से आसानी से पहुंच सकते हैं श्रद्धालु

मां कलेही मंदिर पन्ना और कटनी के बीच सड़क मार्ग पर स्थित पवई नगर में है। पन्नादूकटनी मार्ग से यहां आसानी से पहुंचा जा सकता है। आसपास के क्षेत्रों के साथ-साथ दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी यह मंदिर धार्मिक आस्था का महत्वपूर्ण स्थल है।



विगत 12 वर्षों से अनवरत जारी है मां कलेही से मैहर तक की पैदल यात्रा

पवई। शारदीय एवं चौत्र दोनों नवरात्रों में पवई से मैहर तक जाने वाली पैदल धार्मिक यात्रा का क्रम विगत 12 वर्षों से अनवरत जारी है। यात्रा की शुरुआत मां कलेही के श्री चरणों में ध्वज अर्पण एवं जगत जननी के आह्वान के साथ उसी धर्म ध्वज को लेकर की जाती है। यह यात्रा दौन पिपरिया, बछौन, कल्दा खण्डे राजा होते हुए सत्य माता मंदिर में दर्शन के मां शारदा देवी मैहर पहुंचेगी। इस यात्रा की खास बात यह है कि इसमें नन्हे-मुन्ने बालक-बालिकाएं भी ष्जय माता दीष् के जयकारे लगाकर यात्रा को सुगम बनाते हैं। यात्रा का मार्ग ऊबड़-खाबड़, सुनसान एवं घने जंगल से होकर गुजरता है, फिर भी श्रद्धालु उत्साह से भरे रहते हैं। यात्रा के दौरान भोजन एवं प्रसादी की व्यवस्था स्वयं श्रद्धालुओं द्वारा की जाती है। कल्दा ग्राम पंचायत में सचिव अनिल सक्सेना द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया जाता है। यात्रा की शुरुआत श्री धनीराम चौरसिया, श्रीमती रमा देवी (रामकली) चौरसिया, मद्धु चौरसिया, ज्योति चौरसिया एवं चौरसिया परिवार द्वारा की गई थी। वर्तमान में इस जत्थे में पवई, मोहन्द्रा, दमोह, बिलहरी, बुढ़ागर एवं नेपाल बॉर्डर बलरामपुर तक के धर्मावलंबी शामिल होते हैं।

गुनौर में राममय माहौल, संकट मोचन मंदिर का अखंड संकीर्तन और भव्य कन्या भोज

गुनौर। नगर के प्रमुख आस्था केंद्र श्री संकट मोचन मंदिर में इन दिनों भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। चित्रकूट धाम से पधारे पूज्य संतों के अलौकिक सानिध्य में 24 अगस्त से चल रहा अखंड श्री रामनाम संकीर्तन अनवरत जारी है। चौबीसों घंटे गूंजती रामधुन से पूरा गुनौर नगर और ग्रामीण अंचल राममय हो उठा है। इस आध्यात्मिक आयोजन में आज नवदुर्गा के पावन पर्व पर एक विशेष और भव्य आयोजन के तहत हजारों कन्याओं को प्रसाद स्वरूप भोजन कराया गया, जिससे मंदिर परिसर में उत्सव का माहौल और अधिक परिलक्षित हुआ। अखंड रामनाम की गूंजरू 24 अगस्त से लगातार जारी इस संकीर्तन की तान पल भर के लिए भी नहीं थमी है। दिन-रात गूंजते भजनों से पूरा क्षेत्र भक्ति रस में सराबोर है। गुनौर नगर सहित दूर-दूर के ग्रामीण अंचलों से भजन मंडलियां और गायक भक्त अपनी सेवाएं देने पहुंच रहे हैं। ढोलक, मंजीरे और हारमोनियम की मधुर धुनों पर मंडलियों में रामनाम



गाने की होड़ सी मची हुई है। चित्राकूट के संतों का सानिध्यरू चित्रकूट धाम से पधारे संतों की उपस्थिति ने संपूर्ण क्षेत्र में एक विशेष आध्यात्मिक चेतना और सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर दिया है। भव्य कन्या भोजरू शारदीय/ वासंतीय (नवदुर्गा) के उपलक्ष्य में आज मंदिर समिति और सहयोगियों द्वारा आयोजित कन्या भोज में हजारों की संख्या में कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सामुदायिक सेवा और जनसैलाबरू भोर से लेकर देर तक मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। स्थानीय युवाओं की टोली और मंदिर समिति बाहर से आने वाले भक्तों और गायकों की सेवा व व्यवस्था में पूरी तन्मयता से जुटी है। श्री संकट मोचन मंदिर इस समय केवल एक देवालय नहीं, बल्कि भक्ति, श्रद्धा और सामुदायिक एकता का एक विशाल केंद्र बन चुका है, जहां हर कोई रामनाम और देवी आराधना के रस में सराबोर नजर आ रहा है। इस भव्य आयोजन से गुनौर का हर कोना आस्था के रंग में रंगा हुआ है, और दूर-दराज से आ रहे श्रद्धालु इस अलौकिक अनुष्ठान का हिस्सा बनकर खुद को धन्य महसूस कर रहे हैं।

नेपाल, भूटान और श्रीलंका को हराकर भारतीय टीम ने दर्ज की शानदार जीत पन्ना आगमन पर मैस्कॉट हॉस्पिटल में सामाजिक बंधुओं ने किया भव्य स्वागत

अंतरराष्ट्रीय कबड्डी चौंपियनशिप में कृष्ण कुमार सिंह ने बढ़ाया पन्ना का गौरव

पन्ना। जिले की अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम मेहंदीपुरवा निवासी कृष्ण कुमार सिंह, पुत्र श्री रामकिशोर सिंह, ने अंतरराष्ट्रीय कबड्डी चौंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने शानदार प्रदर्शन से पन्ना जिले सहित मध्यप्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर पन्ना आगमन के दौरान सामाजिक बंधुओं ने मैस्कॉट हॉस्पिटल, पन्ना में फूल-मालाओं और मिठाई खिलाकर उनका भव्य स्वागत कर बधाई दी तथा उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन-

कृष्ण कुमार सिंह वर्तमान में इंदौर में बीसीए की पढ़ाई कर रहे हैं। पढ़ाई के साथ-साथ खेल के प्रति उनकी लगन, अनुशासन, कठिन परिश्रम और उत्कृष्ट खेल कौशल ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिलाया। नेपाल में 1 से 6 अक्टूबर तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय कबड्डी चौंपियनशिप में विभिन्न देशों के चयनित प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार जीत दर्ज की और अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में भारतीय टीम ने नेपाल को पराजित कर जीत के साथ शुरुआत की। दूसरे मुकाबले में भारत ने भूटान को हराकर अपनी बढ़त कायम रखी। तीसरे मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों ने श्रीलंका को शिकस्त दी। इसके बाद चौथे मुकाबले में भारत और नेपाल के बीच एक बार फिर रोमांचक भिड़ंत हुई, जिसमें भारतीय टीम ने नेपाल को हराकर अपनी विजय यात्रा जारी रखी। इन मुकाबलों के दौरान कृष्ण कुमार सिंह



के खेल कौशल, मेहनत और समर्पण की सराहना की गई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके प्रदर्शन ने क्षेत्र के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया है।

स्वागत करने वालों में ये रहे शामिल-

कृष्ण कुमार सिंह का स्वागत करने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता शारदा प्रसाद सिंगरौल, पूर्व बीएमओ डॉ. के.पी. राजपूत, वरिष्ठ व्याख्याता शिवमोहन सिंह लोधी, सेवानिवृत्त आबकारी अधिकारी रामशरण लोधी, पूर्व सरपंच रामधाम लोधी, एडवोकेट सूर्य प्रताप वर्मा एवं राजेंद्र लोधी सहित अन्य सामाजिक बंधु शामिल रहे। सभी ने कृष्ण कुमार सिंह को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही आशा व्यक्त की कि वे भविष्य में भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पन्ना जिले, मध्यप्रदेश और भारत का गौरव बढ़ाते रहेंगे।

आगमन पर सामाजिक बंधुओं ने किया सम्मान-

कृष्ण कुमार सिंह की इस उपलब्धि से पन्ना जिले के खेल प्रेमियों, युवाओं और सामाजिक बंधुओं में उत्साह का माहौल है। उनके पन्ना आगमन पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया तथा मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना गर्व की बात है। कृष्ण कुमार सिंह ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर यह साबित किया है कि यदि लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन और निष्ठा से प्रयास किया जाए, तो सफलता के नए आयाम हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कृष्ण कुमार सिंह की उपलब्धि से ग्राम मेहंदीपुरवा, अजयगढ़ क्षेत्र और पूरे पन्ना जिले का गौरव बढ़ा है। उनकी सफलता क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी खेलों में भागीदारी बढ़ाने और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

पसिमरिया थाना क्षेत्र में अवैध शराब का परिवहन करने वाले 2 आरोपियों के विरूद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही



आरोपी के कब्जे से कुल 225 लीटर अवैध शराब कीमती करीबन 95000 रूपये एवं एक नीले रंग की बेलोनो कार कीमत करीबन 5 लाख रूपये कुल मशरूका 595000 रूपये का किया जप्त

पन्ना। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व समस्त अनु अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीमो का गठन किया गया है । इसी क्रम में पवई एस डी ओ पी शिवा पाठक के मार्गदर्शन एवं इंचार्ज थाना प्रभारी सिमरिया उप निरी दीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप दिनांक 14.10.2026 को मुखविर की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारीयो के निर्देशन मे एक बेलेनो कार क्रमांक डद17ब्ब्385 मे अवैध शराब अमानगंज तरफ जाने की सूचना पर बेलेनो कार को पकडा गया जिसमे कार का चालक मौका पाकर कार से भाग गया एवं एक आरोपी को पुलिस द्वारा पकडा गया एवं कार की तलाशी ली गई जो कार मे 20 पेटी देशी प्लेन मदिरा की एवं एक नीले काले रंग की खोली मे 250 क्वार्टर देशी प्लेन मदिरा के रखे पाये गये जो आरोपी के कब्जे से 225 लीटर देशी प्लेन शराब कुल कीमती शराब 95000 रूपये की शराब मिलने पर अवैध परिवाहन करना पाये जाने पर एवं अवैध शराब एवं एक बेलेनो कार क्रमांक डद17ब्ब्385 कीमती करीबन 5 लाख रूपये की जप्त किया गया एवं पुलिस टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर एक आरोपी एवं आरोपी चालक के विरूद्ध थाना सिमरिया मे अपराध क्रमांक 431/26 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया है।

गिरफ्तार आरोपी - 1. रानू सिंह पिता नरेन्द्र सिंह उम्र 16 साल निवासी ग्राम कुमहारी थाना पवई जिला पन्ना

जप्त सामग्री - पुलिस टीम द्वारा कुल जप्ती माल दृ खाकी रंग के 20 कारटून प्रत्येक कारटून मे 50 क्वार्टर देशी प्लेन मदिरा प्रत्येक क्वार्टर मे 180 एम एल शराब कुल मात्रा 180 लीटर कीमती 76000 एवं एक नीले काले रंग के गद्दी की खोल मे 250 क्वार्टर प्रत्येक क्वार्टर मे 180 एम एल शराब कुल मात्रा 45 लीटर कीमती 19000 रूपये कुल क्वार्टर 1250 कुल मात्रा 225 लीटर कुल कीमती शराब 95000 रूपये एवं एक बेलोनो कार क्रमांक 5385 कीमती करीबन 5 लाख रूपये

सराहनीय योगदान - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में इंचार्ज थाना प्रभारी सिमरिया उप निरी दीपक त्रिपाठी , प्र.आर नवीन कुमार चौरसिया, आर श्याम सिंह, आर अकित पटेल, आर अजय प्रजाति, आर रामजी पटेल की सराहनीय भूमिका रही।

खबर संक्षेप

बारिश खत्म होते ही पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा शहर में सड़कों का निर्माण कार्य शुरू



छतरपुर। शहर में लंबे समय से जर्जर सड़कों की मार झेल रहे आम नागरिकों और व्यापारियों के लिए राहत भरी खबर है। बदहाल रास्तों, गहरे गड्ढों और लगातार उड़ती धूल से परेशान लोगों के बढ़ते आक्रोश के बाद आखिरकार पीडब्ल्यूडी विभाग हरकत में आ गया है। विभाग द्वारा शहर की प्रमुख सड़कों के निर्माण का कार्य विधिवत रूप से प्रारंभ कर दिया गया है। गौरतलब है कि बदहाल सड़कों के कारण राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री आशीष भारती ने बताया कि बारिश के मौसम के कारण अब तक सड़कों का निर्माण कार्य रुका हुआ था। मानसून की विदाई के तुरंत बाद अब निर्माण कार्य तेजी से शुरू करा दिया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आगामी कुछ ही दिनों में शहरवासियों को धूल और गड्ढों की समस्या से पूरी तरह मुक्ति मिल जाएगी।

आपत्तिजनक स्थान पर लगे सीसीटीव्ही कैमरे हटवाने की मांग, महिला ने कलेक्टर को सौंपा आवेदन



छतरपुर। जिले में एक महिला ने अपने घर के आंगन की ओर लगाए गए सी सी टी व्ही कैमरों को हटवाने की मांग करते हुए कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपा है। महिला ने आवेदन में आरोप लगाया है कि पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों द्वारा उसके घर और आंगन की ओर कैमरे लगाए गए हैं, जिससे उसकी निजता प्रभावित हो रही है। आवेदन के अनुसार, किशनगढ़ विकासखंड के बिजावर क्षेत्र की निवासी विमला खरे ने बताया कि वह अपने पति के घर में बच्चों के साथ रहती हैं। उनके आवेदन में पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों के साथ संपत्ति को लेकर विवाद होने और इस संबंध में एफआईआर दर्ज होने का भी उल्लेख किया गया है। महिला का आरोप है कि पुलिस की मदद से पड़ोसियों द्वारा उनके मकान के अंदर स्थित आंगन की ओर सीसीटीव्ही कैमरे लगाए गए हैं। उनका कहना है कि इन कैमरों के माध्यम से आंगन में होने वाली गतिविधियों और परिवार के सदस्यों पर नजर रखी जा सकती है। इससे उन्हें अपनी और परिवार की निजता को लेकर चिंता है। महिला ने आवेदन में यह भी आरोप लगाया है कि विवाद के चलते उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और आपत्तिजनक स्थान की ओर लगाए गए सीसीटीव्ही कैमरों को हटवाने की मांग की है।

बाबा बागेश्वर की सनातन एकता रथ यात्रा का छतरपुर में होगा समापन, सुरक्षा के कड़े इंतजाम



छतरपुर। बाबा बागेश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की पांच दिवसीय हिंदू सनातन एकता रथ यात्रा पांच जिलों का भ्रमण करने के बाद आज छतरपुर में समाप्त होने जा रही है। यात्रा के समापन समारोह को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। नवरात्रि के पावन पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न फैले, इसके लिए शहर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है।यात्रा का यह भव्य समापन कल छतरपुर रेलवे ग्राउंड में संपन्न होगा। आयोजकों और पुलिस अनुमान के मुताबिक, इस समापन समारोह में करीब 20,000 लोगों की भारी भीड़ जुटने की संभावना है। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने जानकारी दी है कि इस विशाल आयोजन को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को बेहद कड़ा कर दिया है।एसपी ने बताया कि उन्होंने खुद आयोजकों से लंबी चर्चा की है और रेलवे ग्राउंड पर बनाए गए एग्जीबिशन स्थल का बारीकी से जायजा लिया है।

अभिव्यक्ति ग्रुप के 11वें गरबा महोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब, एक हजार से अधिक श्रद्धालु हुए शामिल

पहली बार सजी माता की चौकी 150 बच्चियों ने दी गरबा की प्रस्तुति

नौगांव।

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर अभिव्यक्ति ग्रुप नौगांव द्वारा आयोजित माता रानी की चौकी एवं 11वां गरबा महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। गायत्री पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में एक हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



आयोजन में पहली बार माता रानी की भव्य चौकी सजाई गई। लखनऊ से आए भजन गायकों की प्रस्तुतियों और 150 बच्चियों के गरबा ने लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता रानी की आरती के साथ हुआ। इस दौरान जयकारों से परिसर गूंज उठा। इसके बाद भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें लखनऊ से आई टीम ने माता रानी के भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। महोत्सव में करीब 150 बच्चियों ने पारंपरिक परिधानों में गरबा प्रस्तुत किया। लयबद्ध ताल और आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और परंपराओं की झलक देखने को मिली। उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। अभिव्यक्ति ग्रुप द्वारा लगातार 11 वर्षों से गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष पहली बार माता रानी की चौकी को भी आयोजन में शामिल किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बावजूद कार्यक्रम अनुशासित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। आयोजन में मंजुला अग्रवाल, सारिका गुप्ता, सरिता रावत, भुवनेश्वरी पाठक, रीता गुप्ता, रागिनी नीखरा, संगीता चतुर्वेदी, शशि प्रताप सिंह, संगीता अग्रवाल, रचना द्विवेदी, रितु साहू, पूनम राय, आशा सिंह, मधु जायसवाल, रश्मि सक्सेना, ज्योति तिवारी, कमलेश अरजरिया, अंजना सिंह परिहार, शशि परिहार एवं नमिता द्विवेदी सहित अन्य लोगों की सहभागिता रही।

बड़ामलहरा के पिपरिया नाले में मिला तेंदुए का शव

सभी अंग सुरक्षित, प्रथम दृष्टया प्राकृतिक मृत्यु की आशंका



वन विभाग ने वन अपराध प्रकरण दर्ज कर शुरू की जांच

छतरपुर। वन परिक्षेत्र बड़ामलहरा की बीट पश्चिमी विनेदा से लगे राजस्व क्षेत्र पिपरिया हल्का के नाले में एक मृत तेंदुए का शव मिलने का मामला सामने आया है। डीएफओ ऋषि मिश्र ने बताया कि 13 अक्टूबर 2026 को सूचना प्राप्त होने पर वन विभाग द्वारा राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए), नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक, मध्यप्रदेश, भोपाल से जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप तत्काल कार्रवाई की गई। घटनास्थल को सुरक्षित करते हुए आवश्यक घेराबंदी की गई तथा पन्ना टाइगर रिजर्व से डॉग स्क्वॉयड बुलाया गया। डॉग स्क्वॉयड द्वारा 13 अक्टूबर को घटनास्थल पर गहन छानबीन की गई। प्रारंभिक जांच में तेंदुए की मृत्यु प्राकृतिक कारणों से होना प्रतीत हुआ। मामले में वन अपराध प्रकरण 13 अक्टूबर 2026 को पंजीबद्ध किया गया है। मृत तेंदुए का पोस्टमार्टम वन्यजीव चिकित्सक डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी, पन्ना टाइगर रिजर्व तथा बृजेश कुमार कोर, ब्लॉक वेटरनरी ऑफिसर, बड़ामलहरा, जिला छतरपुर द्वारा किया गया। जांच के दौरान वन्यजीव तेंदुए के सभी अंग सुरक्षित पाए गए। वन अपराध प्रकरण की विस्तृत जांच उपवनमंडलाधिकारी बकस्वाहा द्वारा की जा रही है। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार तेंदुए के शव के दाह-संस्कार एवं भस्मीकरण की कार्रवाई की गई। वन विभाग द्वारा संपूर्ण कार्रवाई की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कराई गई है। प्रकरण में वन अपराध दर्ज कर विस्तृत जांच एवं अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।

खौलती चाय गिरने से 6 माह का मासूम गंभीर रूप से झुलसा

पूजा के दौरान हुआ हादसा, जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में जारी है इलाज



छतरपुर। जिले के मातगुवां थाना क्षेत्र के पिपौरा कला गांव में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहाँ खौलती हुई चाय गिरने से 6 माह का एक मासूम बच्चा गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के वक्त बच्चे की मां घर में नवरात्रि की पूजा कर रही थीं। बच्चे को गंभीर हालत में छतरपुर जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल बच्चे की पहचान कृष्णा यादव (6 माह) के रूप में हुई है, जो मानसिंह यादव और मंजू यादव का पुत्र है। घटना के दिन मंजू यादव नवरात्रि का व्रत रखकर घर में नवदुर्गा की पूजा-अर्चना में व्यस्त थीं। इसी दौरान खेलते-खेलते मासूम कृष्णा खौलती हुई चाय के पास जा पहुंचा और अचानक चाय उसके ऊपर पलट गई। बच्चे के रोने और चीखने की आवाज सुनकर मां तुरंत पूजा छोड़कर दौड़ीं और उसे संभाला। परिजन तत्काल उसे लेकर स्थानीय अस्पताल पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वर्तमान में जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में उसका इलाज जारी है और उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

मजदूरी के पैसे न मिलने और धमकी से तंग आकर मजदूर ने खाया सल्फास, इलाज के दौरान मौत



छतरपुर। जिले. क्रे थाना गढ़ीमलहरा निवासी 50 वर्षीय विजय अहिरवार पिता पुतैया अहिरवार ने मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे घर पर अकेला पाकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। घटना के समय उनके बच्चे स्कूल गए हुए थे और पत्नी मजदूरी करने गई थी। जब एक बच्चा घर लौटा, तो उसने पड़ोसी की मदद से गंभीर हालत में पिता को गढ़ीमलहरा के अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया, जहां से हालत नाजुक होने पर ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया लेकिन ग्वालियर ले जाने से पहले ही उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई, और बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

छतरपुर में 18 अक्टूबर को होगा भव्य शस्त्र पूजन



श्रीराम सेवा समिति की प्रेस कॉन्फ्रेंस, शस्त्र पूजन कार्यक्रम में अनुशासन और शक्ति प्रदर्शन नहीं करने की अपील

छतरपुर। बुधवार की दोपहर 3 बजे के लगभग आगामी 18 अक्टूबर को आयोजित होने वाले शस्त्र पूजन कार्यक्रम को लेकर श्रीराम सेवा समिति द्वारा तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। इसी संबंध में बुधवार को लड्डू गोपाल मंदिर में समिति के सदस्यों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कार्यक्रम की जानकारी दी। समिति के सदस्यों ने बताया कि शस्त्र पूजन कार्यक्रम को भव्य रूप देने की तैयारी की जा रही है। इसमें 10 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों के लिए अलग-अलग समूह और व्यवस्था निर्धारित की गई है। प्रतिभागी एक हाथ में ध्वज और दूसरे हाथ में डंडा लेकर चलेंगे।

मामूली विवाद पर जानलेवा हमला, पीड़ित परिवार खौफ में



छतरपुर। छतरपुर के वार्ड नंबर 8, सरानी दरवाजा निवासी प्रजापति परिवार पर दबंगों द्वारा जानलेवा हमला करने और लगातार जान से मारने की धमकियां देने का मामला सामने आया है। अखिल भारतीय प्रजापति कुम्भाकार संघ शाखा छतरपुर के बैनर तले पीड़ित परिवार और संघ के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन और पीड़ितों के बयानों के अनुसार, 6 अक्टूबर 2026 की शाम मामूली विवाद के बाद ब्रजमोहन भारती, रानी भारती, संजय भारती, संगीता भारती, आदित्य भारती और संस्कार भारती ने हरिदास प्रजापति, विमलेश प्रजापति और लक्ष्मी प्रजापति पर लाइसेंसी बंदूक और अवैध हथियारों से हमला किया था। आरोप है कि बंदूक की बट से छाती पर वार कर गंभीर रूप से घायल किया गया। हालांकि, थाना कोतवाली पुलिस ने इस मामले में केवल मामूली धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की जबकि गंभीर धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत कोई कार्रवाई नहीं की गई।

लवकुशनगर पुलिस ने गुम और चोरी हुए 47 मोबाइल खोजकर मालिकों को लौटाए

लवकुशनगर। लवकुशनगर एसडीओपी नितेश पटेल के नेतृत्व में पुलिस ने 47 चोरी एवं गुम हुए मोबाइल फोन को ट्रेस कर उनके असली मालिकों को सुपुर्द किया। यह कार्यक्रम थाना लवकुशनगर परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें लवकुशनगर थाना प्रभारी त्रिवेन्द्र त्रिवेदी एवं गौरिहार थाना प्रभारी रुपनारायण पटैरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर मोबाइल स्वामियों के चेहरे पर खुशी देखने लायक थी और सभी ने पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एसडीओपी नितेश पटेल ने मीडिया के माध्यम से आमजन को संचार साथी पोर्टल एवं ऐप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर इस पोर्टल के माध्यम से तुरंत शिकायत दर्ज कर उसे ब्लॉक और ट्रेस किया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को मौके पर ही संचार साथी ऐप डाउनलोड भी कराया गया। इस पूरी कार्यवाही में लवकुशनगर थाना प्रभारी त्रिवेन्द्र त्रिवेदी सहित उप-निरीक्षक ज्ञानसिंह, स.उ.नि. रामप्रकाश, स.उ.नि. कमला सिंह, आरक्षक बलराम, ह्रदेश नायक, सूरज शर्मा, अनिल छारी, देव सिंह सहित समस्त पुलिस स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।



16 अक्टूबर को हरपालपुर में होगा शिविर का आयोजन

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर की तैयारियों का एसडीएम और जनपद सीईओ ने लिया जायजा

हरपालपुर। नगर में 16 अक्टूबर को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर की तैयारियां तेज हो गई हैं। शिविर के सफल आयोजन और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए नौगांव के अनुविभागीय अधिकारी जीएस पटेल एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभास राज घनघोरिया ने हरपालपुर पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शिविर में आने वाले नागरिकों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाएं सुचारु रखने तथा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अधिकारियों ने नगर के वार्ड क्रमांक 7 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक शाला का भी निरीक्षण किया। इस दौरान वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक सुधार करने और व्यवस्थाओं को व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। प्रशासन का उद्देश्य मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुनना, उनके निराकरण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करना तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। शिविर को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि निर्धारित तिथि पर कार्यक्रम का व्यवस्थित ढंग से आयोजन किया जा सके।

कोई अगड़ा-पिछड़ा नहीं, हम सब सनातनी हैं: पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

बागेश्वर महाराज ने रथ यात्रा से की जातिगत अहंकार मिटाने की अपील

छतरपुर। बुंदेलखंड के जन-जन तक सामाजिक समरसता और हिंदुओं की एकजुटता का संकल्प लेकर पांच दिवसीय यात्रा पर निकले बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने हर पड़ाव में सभी सनातनियों को मिलकर एक होने का संदेश देते हैं। बागेश्वर महाराज समाज में जातिगत भेदभाव और ऊंच-नीच की भावना को समाप्त कर हिंदू समाज में एकता, भाईचारे और समरसता स्थापित कराने की कोशिश में लगे हैं।

चौथे दिन की यात्रा पहुंची टीकमगढ़, आज छतरपुर में होगा



यात्रा के चौथे दिन सागर से होते हुए टीकमगढ़ पहुंचने पर महाराज श्री ने लोगों से अगड़ा-पिछड़ा के भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज में जातिगत अहंकार और भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। हम सब सनातनी हैं और हमारी पहचान आपसी एकता व भाईचारे से है।उन्होंने हिंदू समाज को एकजुट रहने का संदेश देते हुए कहा कि मुसीबत के समय एक हिंदू का दूसरे हिंदू की मदद के लिए आगे आना ही सच्ची हिंदू एकता है।जब लोग जाति के बंधनों से ऊपर उठकर एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनेंगे तभी समाज में वास्तविक एकता स्थापित होगी। इस दौरान जात-पात की करो विदाई, हम सब हिंदू भाई-भाई जैसे नारों के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। यात्रा में केरबना के महाराज श्री के अलावा जानराय टौरिया छतरपुर के महंत श्रृंगारी महाराज सहित बड़ी संख्या में साधु संत उपस्थित रहे।

सांसद और विधायक ने भी लिया नशामुक्ति का संकल्प

यात्रा के दौरान बंडा में नशामुक्ति का संदेश भी प्रमुखता से सामने आया। सांसद लता वानखेड़े और विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी ने भी हजारों लोगों के साथ नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए संकल्प लिया। नशे को परिवार और समाज के लिए नुकसानदायक बताते हुए लोगों को इससे दूर रहने तथा युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया।

माता-पिता का सम्मान सबसे जरूरी

पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने युवाओं को पारिवारिक संस्कारों और माता-पिता के सम्मान का महत्व भी समझाया। उन्होंने कहा, माना मोहब्बत बुरी नहीं है, मगर मां-बाप से जरूरी नहीं है। इस संदेश के माध्यम से उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने माता-पिता के प्रति जिम्मेदारियों और सम्मान को भी प्राथमिकता दें। माता-पिता का आदर करना और उनके संस्कारों को जीवन में अपनाना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है।

बागेश्वर महाराज की रथ यात्रा में श्रद्धालु से लूट

अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार, चाकू और नकद राशि बरामद



छतरपुर

जिले के बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खैरी के पास बागेश्वर महाराज की रथ यात्रा में शामिल होने जा रहे एक श्रद्धालु के साथ हुई लूट की वारदात का पुलिस ने चंद घंटों में ही खुलासा कर दिया है। पुलिस ने शातिर अंतर्राज्यीय आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से धारदार चाकू और लूटी गई नकद राशि बरामद कर ली है।

क्या था पूरा मामला

बमीठा थाना प्रभारी निरीक्षक बाल्मीक चौबे ने बताया कि श्रद्धालु इंद्रजीत सिंह बागेश्वर महाराज की रथ यात्रा में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में बदमाशों ने उनके साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस की गहन जांच और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मुख्य आरोपी शनि उर्फ रामा शर्मा (निवासी हरिद्वार, उत्तराखंड) को धर दबोचा गया। पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि आरोपी शनि शर्मा एक शातिर अंतर्राज्यीय अपराधी है। उस पर उत्तर प्रदेश के शामली, नोएडा और उत्तराखंड के सोनप्रयाग में लूट, चोरी एवं अवैध हथियार रखने जैसे कुल 5 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

रीवा में वायरल फीवर का प्रकोप: संजय गांधी अस्पताल में मरीजों की भीड़, ओपीडी 1500 के पार

मेडिसिन विभाग में बेड कम पड़े, वार्ड से लेकर गैलरी तक मरीजों का दबाव, स्ट्रेचर और बेंच पर हो रहा उपचार





रीवा

मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के बीच विंध्य क्षेत्र में मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ने लगा है। तेज बुखार, सर्दी-खांसी, उल्टी-दस्त और शरीर में दर्द की शिकायत लेकर बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा दबाव विंध्य क्षेत्र के सबसे बड़े चिकित्सा केंद्र संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय पर दिखाई दे रहा है। यहां मरीजों की बढ़ती संख्या के चलते स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर दबाव बढ़ गया है। स्थिति यह है कि अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन मरीजों की संख्या 1500 के पार पहुंच रही है, जबकि मेडिसिन विभाग में भर्ती मरीजों के लिए बेड कम पड़ने लगे हैं। वार्डों में जगह नहीं मिलने पर कुछ मरीजों को गैलरी में स्ट्रेचर और बेंच पर रखकर उपचार देना पड़ रहा है। अस्पताल में रीवा जिले के अलावा सतना, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली सहित विंध्य क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से मरीज पहुंचते हैं। ऐसे में मौसमी बीमारियों के बढ़ते मामलों ने अस्पताल में मरीजों का दबाव और बढ़ा दिया है। सुबह से ही ओपीडी में पर्चा बनवाने के लिए कतारें लग रही हैं। चिकित्सकों को एक के बाद एक मरीजों की जांच करनी पड़ रही है। वहीं, भर्ती होने की जरूरत वाले मरीजों के लिए पर्याप्त बेड उपलब्ध कराना चुनौती बनता जा रहा है। मौसमी बीमारियों के बीच अस्पताल के मेडिसिन विभाग में मरीजों की संख्या अधिक बताई जा रही है। तेज बुखार, बदन दर्द, कमजोरी, उल्टी-दस्त और संक्रमण से जुड़ी शिकायतों के साथ मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। कई मरीजों को जांच और दवा के बाद घर भेजा जा रहा है, जबकि गंभीर लक्षणों वाले मरीजों को भर्ती करने की जरूरत पड़ रही है।

मरीजों की संख्या बढ़ने के कारण अस्पताल के वार्डों में जगह की कमी सामने आ रही है। बेड उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में मरीजों को स्ट्रेचर या बेंच पर रखकर प्राथमिक उपचार देना पड़ रहा है। कुछ मरीजों को स्ट्रेचर पर ही ड्रिप चढ़ाई जा रही है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम में बदलाव से बढ़ रहीं मौसमी बीमारियां

मौसम में उतार-चढ़ाव, उमस और बदलते तापमान के बीच वायरल संक्रमण से जुड़ी शिकायतें बढ़ सकती हैं। अस्पताल पहुंच रहे मरीजों में बुखार, सर्दी-खांसी, सिरदर्द, बदन दर्द और पेट संबंधी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आ रही हैं। उल्टी-दस्त के कारण शरीर में पानी की कमी होने का खतरा भी बना रहता है, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों में।

हालांकि हर बुखार को वायरल फीवर मानना उचित नहीं है। लगातार तेज बुखार, असहनीय बदन दर्द, अत्यधिक कमजोरी, उल्टी या अन्य गंभीर लक्षण डेंगू, मलेरिया अथवा किसी दूसरे संक्रमण से भी जुड़े हो सकते हैं। ऐसे में बिना जांच के बीमारी का अनुमान लगाकर दवा लेना नुकसानदायक साबित हो सकता है,मरीजों को लक्षणों की गंभीरता को देखते हुए समय पर चिकित्सकीय जांच करानी चाहिए। बुखार लंबे समय तक बना रहने या हालत बिगड़ने पर उपचार में देरी नहीं करनी चाहिए।

डेंगू-मलेरिया के लक्षणों को लेकर भी सतर्कता जरूरी

मौसमी बीमारियों के बीच डेंगू और मलेरिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों से बचाव भी जरूरी है। बुखार के साथ शरीर में दर्द, अत्यधिक कमजोरी, लगातार उल्टी, पेट दर्द या रक्तस्राव जैसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए।

डेंगू की आशंका होने पर केवल लक्षणों के आधार पर निष्कर्ष निकालने के बजाय डॉक्टर की सलाह से आवश्यक जांच कराना महत्वपूर्ण है। प्लेटलेट्स की संख्या में गिरावट या सांस लेने में परेशानी जैसी शिकायतों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसी स्थिति में तत्काल अस्पताल पहुंचना जरूरी है।

स्वाइन फ्लू सहित श्वसन संक्रमण से मिलते-जुलते लक्षणों के मामले में भी चिकित्सकीय परीक्षण आवश्यक है। हालांकि अस्पताल में इन बीमारियों के संदिग्ध मरीजों की संख्या या पुष्टि से संबंधित आधिकारिक आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए किसी भी बीमारी के प्रकोप का आकलन जांच रिपोर्ट और स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के आधार पर ही किया जाना चाहिए।

डॉक्टरों की सलाह बिना जांच के न लें दवा

मौसमी बीमारियों के बढ़ते मामलों के बीच डॉक्टरों ने नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। बुखार आने पर मेडिकल स्टोर से सीधे दवा लेकर खाने के बजाय चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। खासकर बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक या दर्द निवारक दवाओं का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। पीने के पानी की स्वच्छता का ध्यान रखें। जरूरत के अनुसार पानी उबालकर या सुरक्षित पेयजल का इस्तेमाल करें। उल्टी-दस्त होने पर निर्जलीकरण का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में चिकित्सकीय सलाह के अनुसार ओआरएस और तरल पदार्थ लें। घर और आसपास पानी जमा न होने दें। पानी की टंकियों और बर्तनों को ढककर रखें तथा मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाएं। तेज या लगातार बुखार होने पर चिकित्सक से जांच कराएं। जरूरत पड़ने पर डॉक्टर की सलाह से रक्त परीक्षण कराएं। सांस लेने में परेशानी, बेहोशी, अत्यधिक कमजोरी, लगातार उल्टी, पेट में तेज दर्द या रक्तस्राव होने पर तत्काल चिकित्सा सहायता लें।

गांजे की पुड़िया बनाकर बेचने वाला तस्कर गिरफ्तार, एक किलो गांजा बरामद



रीवा। शहर में गांजे की पुड़िया बनाकर बेचने वाले छोटे विक्रेताओं के खिलाफ पुलिस लगातार कर रही है, इसी क्रम में सिटी कोतवाली पुलिस ने कबाड़ी मोहल्ले में दबिश देकर 35 वर्षीय गुलाब लोनिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस को आरोपी के घर से बिक्री के लिए रखी गांजे की पुड़िया के साथ पॉलीथिन में रखा करीब एक किलो गांजा मिला है। आरोपी कथित तौर पर गांजे की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर 50-50 रुपए में बेचता था। पुलिस अब उससे पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि वह गांजा कहां से लाता था और इस कारोबार में उसके साथ कौन-कौन लोग जुड़े हैं। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निशा मिश्रा के मुताबिक, पुलिस को कबाड़ी मोहल्ले में गांजे की बिक्री किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गुलाब लोनिया के घर पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया। घर की तलाशी लेने पर पुलिस को बिक्री के लिए रखी गांजे की पुड़िया मिलीं। इसके अलावा पॉलीथिन में रखा करीब एक किलो गांजा भी बरामद किया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आरोपी गांजा लाकर उसकी छोटी-छोटी पुड़िया तैयार करता था और ग्राहकों को 50 रुपए प्रति पुड़िया के हिसाब से बेचता था।

छोटे विक्रेताओं से बड़े सप्लायरों तक पहुंचने का प्रयास

नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अब छोटे स्तर पर गांजा बेचने वालों को पकड़कर उनके पीछे सक्रिय सप्लायरों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। पुलिस का मानना है कि स्थानीय स्तर पर पुड़िया बेचने वाले आरोपियों से पूछताछ के दौरान गांजे की आपूर्ति करने वाले लोगों के संबंध में अहम जानकारियां मिल सकती हैं।

इसी कड़ी में गिरफ्तार गुलाब लोनिया से भी पूछताछ की जा रही है।शहर में गांजे की बिक्री के खिलाफ कोतवाली पुलिस की यह चार दिन के भीतर तीसरी कार्रवाई बताई जा रही है। पुलिस छोटे विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही नशे की आपूर्ति करने वाले लोगों की जानकारी जुटाने में लगी है।

रीवा संभाग नामांतरण और भू-अर्जन प्रकरणों के निराकरण में प्रथम स्थान पर

रीवा । रीवा संभाग में नामांतरण तथा भू-अर्जन के प्रकरणों के निराकरण में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सीमांकन संबंधी प्रकरणों के निराकरण में रीवा संभाग को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। इस संबंध में कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह ने बताया कि रीवा संभाग के सभी जिलों में बड़ी संख्या में राजस्व प्रकरण लंबित हैं। इनके निराकरण की लगातार मानीटरिंग की जा रही है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रत्येक 15 दिन में संभाग भर के राजस्व अधिकारियों द्वारा निराकृत प्रकरणों की समीक्षा की जा रही है। सभी कलेक्टर भी राजस्व कार्यों के साथ-साथ राजस्व प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। जिसके कारण नामांतरण तथा भू अधिग्रहण के प्रकरणों के निराकरण में संभाग को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। कमिश्नर ने इसके लिए सभी राजस्व अधिकारियों को बधाई दी है।

उप मुख्यमंत्री ने बिछिया नदी में पुल निर्माण का किया भूमिपूजन




रीवा

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने लक्ष्मणबाग परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बिछिया नदी पर पुल निर्माण का भूमिपूजन किया। इसकी लागत 21 करोड़ 98 लाख 87 हजार रुपए है। इसके साथ 1620 मीटर सड़क भी बनाई जा रही है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुल लक्ष्मणबाग की नदी के दोनों ओर की जमीनों को जोड़ने और रामानुज संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर को लक्ष्मणबाग से जोड़ेगा। वार्ड 45 के निवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग अब पूरी हो गई है। इस पुल के बन जाने से संस्कृत विश्वविद्यालय के विद्यार्थी लक्ष्मणबाग परिसर में पहुंचकर मंत्रोच्चार और गौ सेवा का अवसर पा सकेंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृत देववाणी हमारी सनातन संस्कृति और संस्कारों का आधार है। संस्कृत का संरक्षण और विकास होगा तभी भारत 2047 तक विश्वगुरू बन सकेगा। वैदिक परंपरा में ज्ञान और भक्ति के स्रोत संस्कृत में ही रचे गए हैं। देश में जब विदेशी आक्रांताओं ने संस्कृत के विश्वविद्यालय और विद्यालयों को नष्ट करने का प्रयास किया। ऐसे संकटकाल में विन्ध्य की धरा ने संस्कृत भाषा और संस्कृत विद्वानों को संरक्षण दिया। संस्कृत के विकास के लिए इस परिसर में पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय का कैम्पस शुरू किया गया है। यहाँ पूर्व में संचालित संस्कृत विद्यालय को भी पुनः शुरू किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ माता और देवों के आशीर्वाद से यह परिसर संस्कृत और सनातन संस्कृति का केन्द्र बनेगा। गौ माता की सेवा के लिए लक्ष्मणबाग परिसर, बसामन मामा गौ अभ्यारण्य तथा हिनौती गौधाम में व्यवस्थाएं की जा रही हैं। गौमाता अगर कष्ट में रहीं तो मानव का जीवन भी सुखमय नहीं होगा। संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर निर्माण से लक्ष्मणबाग ट्रस्ट को 10 करोड़ रुपए मिले हैं। पुल के निर्माण के बाद इसे 11 करोड़ रुपए पुनः मिलेंगे। इससे यहाँ के मंदिरों और इससे जुड़ी संस्थाओं में व्यवस्थाएं बेहतर होंगी। समारोह में पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रोफेसर शिवशंकर मिश्र ने कहा कि विश्व का सर्वश्रेष्ठ ज्ञान हमारे प्राचीन ग्रंथों में है। इन ग्रंथों का अध्ययन करने के लिए संस्कृत भाषा का ज्ञान आवश्यक है। यह वैदिक चिंतन और ज्ञान का आधार है। संस्कृत से ही भारतीय संस्कृति की रक्षा होगी। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, रेडक्रास के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, पंडित बाला व्यंकटेश शास्त्री, रामसुमन दास, श्रीमती हेमलता सिंह, पार्षदगण, कार्यपालन यंत्री सेतु एसपी तिवारी, एसडीएम हुजूर जितेन्द्र तिवारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि गण तथा आमजन उपस्थित रहे।

विन्ध्य क्षेत्र की संस्कृत भाषा के विकास की परंपरा हो रही पुनर्जीवित

समारोह में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से विन्ध्य क्षेत्र की संस्कृत भाषा के विकास की परंपरा पुनर्जीवित हो रही है। संस्कृत से ही सनातन संस्कृति की रक्षा होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास की राह में आगे बढ़ रहा है। कई देश विरोधी ताकतें इसमें बाधा डालने और सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही हैं। इनसे सभी को सावधान रहना है।

सिरमौर चौराहे के ब्यूटी पार्लर में चोरी, आरोपी गिरफ्तार

1.55 लाख रुपये का मशरूका बरामद



रीवा। शहर के सिरमौर चौराहे स्थित एक ब्यूटी पार्लर में चोरी के मामले में अमहिया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का ब्यूटी पार्लर का सामान और एक मोटर पंप बरामद किया है। बरामद संपत्ति की कुल कीमत करीब 1 लाख 55 हजार रुपये बताई गई है।

बता दे सिरमौर चौराहे स्थित ब्यूटी पार्लर से सामान चोरी होने की घटना सामने आने के बाद अमहिया थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया। चोरी करने वाले आरोपी की तलाश के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार गौतम ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने सुराग जुटाते हुए आरोपी की पहचान की और उसे गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान चोरी का सामान भी बरामद किया गया। पुलिस ने चोरी के मामले में इरफान अंसारी (18), पिता रफीक अंसारी, निवासी तरहटी, थाना सिटी कोतवाली, रीवा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से ब्यूटी पार्लर का सामान, जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 50 हजार रुपये है, बरामद किया। इसके अलावा 5 हजार रुपये कीमत का मोटर पंप भी जब्त किया गया है। इस तरह कुल 1 लाख 55 हजार रुपये का मशरूका बरामद हुआ है।

उप सरपंचों के चुनाव के लिए ग्राम पंचायतों में सम्मिलन आज

रीवा । राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार ग्राम पंचायतों में रिक्त उप सरपंच के पद के निर्वाचन के लिए सम्मिलन 15 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यवाही मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1973 की धारा 17 के तहत की जा रही है। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक ने बताया कि जिन ग्राम पंचायतों में उप सरपंच के पद रिक्त हैं वहाँ निर्वाचित पंचों और सरपंच का सम्मि लन 15 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। सभी एसडीएम तहसीलदार तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिन पंचायतों में उप सरपंच का निर्वाचन होना है वहाँ निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

छह आउटसोर्स कर्मचारियों की बर्खास्तगी पर भड़का ब्राह्मण समाज, रीवा बंद की चेतावनी

विरोध रैली निकालकर कमिश्नर कार्यालय पहुंचे समाज के लोग, बहाली नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

रीवा। बिजली विभाग में कार्यरत छह आउटसोर्स कर्मचारियों की बर्खास्तगी का मामला तूल पकड़ने लगा है। कर्मचारियों को नौकरी से निकाले जाने के विरोध में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने मोर्चा खोल दिया है। समाज ने इस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए जिला प्रशासन और विद्युत विभाग से बर्खास्त कर्मचारियों की तत्काल बहाली की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि मांग पूरी नहीं होने पर जिलेभर में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर रीवा बंद का आह्वान भी किया जा सकता है। बुधवार को इस मामले को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने शहर में विरोध रैली निकाली। रैली में शामिल लोगों ने नारेबाजी करते हुए कर्मचारियों की बर्खास्तगी का विरोध किया और कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। समाज के प्रतिनिधियों ने कार्रवाई को अनुचित बताते हुए संबंधित अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और कर्मचारियों को दोबारा काम पर रखने की मांग की।

प्रदर्शन में शामिल होने पर नौकरी से हटाने का आरोप

विवाद की मुख्य वजह छह आउटसोर्स कर्मचारियों की बर्खास्तगी बताई जा रही है। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज और प्रभावित कर्मचारियों का आरोप है कि संबंधित कर्मचारी बीते दिनों आयोजित यूजीसी रेगुलेशन 2026 और आरक्षण के विरोध में हुए प्रदर्शन में शामिल हुए थे। इसके बाद उन्हें बिजली विभाग में काम से हटा दिया गया। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन से संबंधित पत्रों, तस्वीरों और वीडियो का हवाला देते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की। उनका आरोप है कि प्रदर्शन में शामिल होने के कारण उन्हें निशाना बनाया गया और नौकरी से हटाने का फैसला प्रतिशोध की भावना से लिया गया।

जरमोहरा बांध में मछलीपालन पट्टे के लिए आवेदन 30 अक्टूबर तक

रीवा । जिले के सिरमौर विकासखण्ड में स्थित जरमोहरा सिंचाई बांध में मछलीपालन के लिए 10 वर्षीय पट्टे (लीज) के लिए आवेदन 30 अक्टूबर तक किया जा सकता है। इस बांध का जल क्षेत्र 285 हेक्टेयर है। इसके लिए 21375 रुपए प्रतिवर्ष की लीज राशि निर्धारित की गई है। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा ने बताया कि मछलीपालन पट्टा जारी करते समय अनुसूचित जाति जनजाति के पंरपरागत मछलीपालक किसानों, अन्य पिछड़ावर्ग तथा सामान्य वर्ग के पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसमें भी स्थानीय अनुसूचित जाति-जनजाति मछुआरों को वरीयता दी जाएगी। पंजीकृत मछुआपालन सहकारी समिति के आवेदन के साथ समिति का प्रस्ताव सदस्यों की प्रमाणिक सूची समिति का जीवित पंजीयन तथा पिछले तीन वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट देना आवश्यक होगा। समिति को उप पंजीयक सहकारी संस्थाओं द्वारा समिति के परिसमापन में न होने संबंधी प्रमाण पत्र तथा बैंक नोड्यूज देना होगा। समिति को उसके पास मछलीपालन के लिए उपलब्ध तालाबों की सूची भी देना आवश्यक है। आवेदन पत्र सहायक संचालक मछलीपालन कार्यालय शिल्पी प्लाजा ए ब्लॉक में 30 अक्टूबर तक जमा किए जा सकते हैं। लीज के संबंध में स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकारी जिला पंचायत रीवा को होगा।

महिला बाल विकास विभाग ने 3 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व 2 सहायिकाओं की सेवा समाप्त की

विभाग ने लगातार अनुपस्थिति और लापरवाही के चलते जारी किए सेवा समाप्ति के आदेश



मऊगंज। महिला एवं बाल विकास विभाग नईगढ़ी ने परियोजना में लापरवाही के मामलों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। परियोजना अधिकारी रविशंकर पांडेय द्वारा विभागीय कार्रवाई करते हुए तीन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और दो सहायिकाओं की सेवा समाप्ति के आदेश जारी किए गए हैं। संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध लगातार अनुपस्थित रहने, पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने तथा बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद कार्यप्रणाली में सुधार नहीं करने के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।इस कार्रवाई के बाद महिला एवं बाल विकास परियोजना नईगढ़ी में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं आंगनवाड़ी केंद्रों के नियमित संचालन और कर्मचारियों की जवाबदेही को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है।

पांच कर्मचारियों की सेवा समाप्त के आदेश जारी

विभागीय आदेशों के अनुसार, कार्रवाई की जद में तीन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और दो सहायिकाएं शामिल हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भारती पटेल आंगनवाड़ी केंद्र जुड़मनिया रघुनाथ व सुशीला उपाध्याय आंगनवाड़ी केंद्र सुअरहा और आरती कारपेंटर आंगनवाड़ी केंद्र मैर मु. भटिगवां मे पदस्थ थी। आशा मिश्रा आंगनवाड़ी केंद्र छुहिया मे और गीता मिश्रा शुक्ला आंगनवाड़ी केंद्र पहरखा-2 मे पदस्थ थी।

लगातार लापरवाही पर विभागीय कार्रवाई

विभागीय जानकारी के अनुसार, संबंधित कर्मचारियों को पहले भी कार्यप्रणाली में सुधार करने और आंगनवाड़ी केंद्रों का नियमित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद अनुपस्थिति और कार्यों में लापरवाही की शिकायतों पर निरीक्षण किए गए तथा कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। बार-बार निर्देश देने, निरीक्षण और विभागीय प्रक्रिया के बाद भी कार्यप्रणाली में अपेक्षित सुधार नहीं होने के आधार पर पांचों कर्मचारियों के विरुद्ध संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए सेवा समाप्ति के आदेश जारी किए गए हैं।इस कार्रवाई के माध्यम से विभाग ने स्पष्ट किया है कि आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन में लापरवाही और निर्धारित दायित्वों की अनदेखी को गंभीरता से लिया जा रहा है।

बच्चों और महिलाओं को मिलने वाली सेवाओं पर असर

आंगनवाड़ी केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों और महिलाओं को आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन केंद्रों के माध्यम से बच्चों को पूरक पोषण, प्रारंभिक देखभाल और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इसके अलावा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को भी विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ मिलता है। ऐसे में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की नियमित उपस्थिति तथा केंद्रों का सुचारु संचालन बेहद जरूरी है। कर्मचारियों की अनुपस्थिति से हितग्राहियों को मिलने वाली सेवाएं प्रभावित होने की आशंका रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए विभागीय स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में कार्रवाई की गई है।

परियोजना अधिकारी रविशंकर पांडेय की कार्रवाई से बढ़ी जवाबदेही

नईगढ़ी परियोजना में पांच कर्मचारियों की सेवा समाप्ति के आदेश जारी होने के बाद आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली और नियमित निरीक्षण का मुद्दा महत्वपूर्ण हो गया है। विभागीय कार्रवाई से अन्य केंद्रों में भी कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्यों की निगरानी को लेकर जवाबदेही बढ़ने की उम्मीद है। अब यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक होगा कि संबंधित आंगनवाड़ी केंद्रों पर वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, ताकि बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को मिलने वाली सेवाएं बाधित न हों। कुल मिलाकर, नईगढ़ी महिला एवं बाल विकास परियोजना में पांच कर्मचारियों की सेवा समाप्ति की कार्रवाई ने विभागीय कार्यप्रणाली और कर्मचारियों की जवाबदेही को लेकर एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है।

मऊगंज में PIT-NDPS एक्ट के तहत कार्रवाई 22 मामलों में आरोपी को भोपाल जेल भेजा गया

मऊगंज



अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत बड़ी कार्रवाई की है। जिले में पहली बार PIT-NDPS एक्ट के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए दिनेश उर्फ ददोल उर्फ ददोली साकेत (45), निवासी बहेरी नानकार को गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल भोपाल भेजने के लिए रवाना किया गया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी के विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों में कुल 22 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इनमें मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शराब बिक्री, मारपीट, धमकी और संपत्ति संबंधी अपराध शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन ने आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड के आधार पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय कुमार जैन को निरोधात्मक कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रस्ताव आयुक्त रीवा संभाग को भेजा गया। आयुक्त द्वारा आरोपी को एक वर्ष की अवधि के लिए निरुद्ध कर केंद्रीय जेल भोपाल में रखने का आदेश जारी किया गया। आदेश के पालन में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा थाना प्रभारी मऊगंज निरीक्षक अजय खोब्रागड़े के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को अभिरक्षा में लेकर जेल भेजने की कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक,आरोपी के विरुद्ध NDPS एक्ट, ड्रग कंट्रोल एक्ट, आबकारी एक्ट सहित विभिन्न कानूनों के तहत प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत अवैध मादक पदार्थों के संग्रहण, परिवहन और बिक्री पर रोक लगाने तथा आपराधिक गतिविधियों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए वैधानिक कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।